प्रेषक,

निरंजन कुमार

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश(एस0सी0 / एस0टी0)

जनपद बांदा।

द्वारा– माननय जनपद न्यायाधीश

जनपद बांदा।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक

माननीय उच्च न्यायालय

इलाहाबाद।

विषय–अपरिपक्व (प्री0मेच्योर) स्थानान्तरण के सम्बंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी ने माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वार्षिक स्थानान्तरण के अनुकम में दिनांक 06.07.2022 को जनपद बांदा में अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

प्रार्थी की पुत्री शर्मिष्ठा चौरसिया Amity Law University लखनऊ में B.A. LL.B(H) सत्र 2021–2026 के अन्तर्गत तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत् है। प्रार्थी का एक पुत्र शाश्वत चौरसिया जो बांदा में ही अध्ययनरत् है और प्रार्थी पत्नी–पुत्र सहित बांदा में ही रह रहें है, जिस कारण प्रार्थी की पुत्री जनपद लखनऊ में अकेले ही रह कर शिक्षा ग्रहण कर रही है, प्रार्थी की पुत्री के देखभाल में अत्यन्त असुविधा हो रही है, असुविधा ना हो और बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके इसलिए प्रार्थी ने अपनी पुत्री का एडमिशन लखनऊ में कराया था, प्रार्थी की पुत्री अकेले रहने के कारण बहुत परेशान रहती है, प्रार्थी को जनपद बांदा से लखनऊ जाकर पुत्री के देखभाल करने में असुविधा एवं कठिनाई उत्पन्न हो रही है, क्योंकि प्रार्थी की पत्नी एंव पुत्र बांदा में ही रहते हैं, जनपद बांदा में हाई स्कूल / इन्टरमीडिएट स्तर के स्तरीय विद्यालय का आभाव है जिससे उसके हाईस्कूल स्तर की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रभावित हो रही है। ऐसी दशा में प्रार्थी को जनपद बांदा एंव लखनऊ में अपने दोनो बच्चों की समुचित देखरेख करने में असुविधा हो रही है। उक्त परिस्थितियों में प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद लखनऊ या उसके आसपास के जनपदों (सीतापुर, बाराबंकी, हरदोई, बहराइच, रायबरेली) में होता है तो प्रार्थी

को अपने पुत्र की बेहतर शिक्षा प्राप्त कराने एंव पुत्री की देखभाल व परवरिश करने में सुविधा एंव सुगमता होगी, साथ ही प्रार्थी सम्पूर्ण मनोयोग से अपने न्यायिक कार्य को सम्पादित कर सकेगा।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी की उपरोक्त परिस्थितियों को माननीय न्यायालय के संज्ञान में लाते हुए, प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद लखनऊ अथवा उसके आसपास के जनपदों में माननीय न्यायालय से कराने की कृपा करें। प्रार्थी माननीय महोदय की सहानुभूति एंव अनुकम्पा का सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

दिनांक

भवदीय

संलग्नक–पुत्री एंव पुत्र के शिक्षण सम्बंधी प्रपत्र

(निरंजन कुमार)
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश
जनपद बांदा।
आई0डी0न0 यू0पी0–6382